Government of Rajasthan

# Commissionerate of College Education, Jaipur

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://dce.rajasthan.gov.in/ e-mail: cce_raj@yahoo.com Phone: 0141-2706847 (O);

Date: 19 July, 2018

## List of Organisations & Agencies for MoUs and letter of intents

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Rajasthan ILD Skill University | Letter of Intent | • Skill courses<br>• Training to Students and faculty members<br>• Support Partner<br>**(under Budget Announcement)** |
| 2. | IGNOU | Letter of Intent | • Skill courses |
| 3. | Center for Electronic Governance (CEG) | MoU | • Skill courses<br>• Faculty Training<br>• Support Partner<br>**(under Budget Announcement)** |
| 4. | Morarka Foundation | MoU | • Skill courses<br>• Faculty Training |
| 5. | Bodh Shiksha | MoU | • Principals & Faculty Training for Academic excellence<br>• Support Partner |
| 6. | Jaipuria Institute of Management, Jaipur | MoU | • Principals & Faculty Training for Team Leadership and Institutional Management<br>• Support Partner |
| 7. | ICICI Academy for Skills | MoU | • Soft Skill training and Placement of Students |
| 8. | HIK Vision | MoU | • Free Surveillance Camera and DVR/ NVR to 75 Colleges under their CSR |
| 9. | Microsoft India Pvt. Ltd. | MoU | • Free MOS Training to 9,500 students & 500 faculty members |

**आयुक्तालय कालेज शिक्षा द्वारा जुलाई 2018 में हस्ताक्षरित किये गये MoU का विवरण :कुल 09**

## 1. MoU with Rajasthan ILD Skill University

राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों को वरिष्ठ कौशल मित्र के रुप में प्रशिक्षण प्रदान कर सम्बद्ध एजेन्सीज के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना।

विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिये राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी।

## 2. MoU with IGNOU

अभी तक 16,500 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

कुल 104 महाविद्यालयों में ये पाठ्यक्रम संचालित होंगे।

इस सत्र में प्रवेश की प्रकिया जारी है, जिसमें 23 कौशल पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है।

अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क हैं।

## 3. MoU with Center for Electronic Governance (CEG)

राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों को सूचना प्रौद्यागिकी आधारित एडवान्स तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना एवं विद्यार्थियों को भी सूचना प्रौद्यागिकी एवं तकनीकी कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना।

## 4. MoU with Microsoft

राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत 9,500 विद्यार्थियों एवं वहां कार्यरत 500 संकाय सदस्यों को Microsoft Office Specialist (MOS) प्रशिक्षण प्रदान करना। यह प्रशिक्षण सभी के लिये निःशुल्क होगा।

इसकी प्रकिया प्रारम्भ की जा चुकी है।

विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण चयनित 54 राजकीय महाविद्यालयों पर एवं संकाय सदस्यों को 6 केन्द्रों पर दिया जायेगा।

## 5. MoU with Morarka Foundation

राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में कृषि कौशल विकास एवं रोजगारपरक क्षमता अभिवृद्धि की दृष्टि जैविक कृषि एवं बागवानी का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करवाना।

संकाय सदस्यों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करवाना।

यह कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

इसके साथ ही कृषि के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान एवं इन्टर्नशिप की व्यवस्था करवायी जायेगी।

**6. MoU with Bodh Siksha Samiti**

राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों एवं प्राचार्यों में अकादमिक क्षमता एवं संस्थागत विकास हेतु सामूहिक कार्य क्षमता अभिवृद्धि हेतु Faculty Development Programme

एवं Academic Leadership Programme आयोजित करवाना। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है।

विद्यार्थियों के लिये भी शैक्षणिक क्षमता एवं रोजगारोन्मुख कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण/कार्यक्रम आयोजित करवाना।

प्रथम चरण में चयनित 05 राजकीय महाविद्यालयों : कालाडेरा, महुआ, कन्या कला कोटा, कन्या राजसमन्द एवं कन्या नाथद्वारा में प्रयोगात्मक तौर पर संस्था विकास, विद्यार्थी हित केन्द्रित योजनाओं एवं नवाचारों, संकाय सदस्यों में शैक्षणिक गुणात्मकता अभिवृद्धि के लिये योजनाबद्ध कार्य करना।

यह कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

**7. MoU with Jaipuria Institute of Management Jaipur (JIMJ)**

राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों एवं प्राचार्यों में प्रबंधन क्षमता एवं संस्थागत विकास हेतु सामूहिक कार्य प्रवृत्ति अभिवृद्धि हेतु Institutional Leadership Programme & Faculty Development Programme आयोजित करवना। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है।

विद्यार्थियों के लिये भी उद्यमितापरक एवं रोजगारोन्मुख कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण/कार्यक्रम आयोजित करवाना।

यह कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

**8. MoU with ICICI Academy for Skills Jaipur**

राजकीय महाविद्यालयों में अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार मांग आधारित सॉफ्ट स्किल्स का 3 माह का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना। यह प्रशिक्षण सभी के लिये निःशुल्क होगा।

एक सत्र में लगभग 1000 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जायेंगे।

इसकी प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है।

**9. MoU with HIK Vision Mumbai**

75 राजकीय महाविद्यालयों में से प्रत्येक महाविद्यालय को कम्पनी की CSR के अन्तर्गत निःशुल्क 5–7 सर्विलेन्स कैमरा एवं NVR प्रदान करना।

HIK Vision द्वारा प्रस्तावित इस परियोजनान्तर्गत लगभग 30 लाख की राशि के उपकरण उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। इसकी प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है।

**10. Language Capacity Building Initiative: English Language Efficiency programme**

चयनित 07 राजकीय कन्या महाविद्यालयों एवं 02 पोलोटैक्निक कन्या महाविद्यालयों में English Edge LIQVID एजेन्सी द्वारा 913 कन्या विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

इस एजेन्सी के माध्यम से 15 राजकीय कन्या महाविद्यालयों में इस वर्ष निःशुल्क English Language Efficiency programme प्रारम्भ करवाये जाने की योजना है।

## New Proposals for MoU : Total

**1. McGraw Hill India Pvt. Ltd.**

04 महाविद्यालयों – अजमेर, उदयपुर, जयपुर एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के महारानी कालेज में से प्रत्येक में से 25–25 विद्यार्थियों का चयन करते हुए कुल 100 विद्यार्थियों को निःशुल्क विदेशी भाषा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

प्रस्ताव एवं MoU प्रारुप प्राप्त हो गया है।

**2. Xcelerator**

15 राजकीय महाविद्यालयों एवं 15 राजकीय पोलोटैक्निक महाविद्यालयों में से प्रत्येक से 150 विद्यार्थियों का चयन करते हुए उनमें रोजगारोनमुख निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना।

प्रस्ताव एवं MoU प्रारुप प्राप्त हो गया है।

**3. HireMe**

राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का दक्षता स्तर परीक्षण कर उन्हें ऑनलाइन प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन करवाना एवं इन्हें नियोक्ता एजेन्सीज के साथ जोडना। यह निःशुल्क प्रस्ताव है।

प्रस्ताव एवं MoU प्रारुप प्राप्त हो गया है।

**4. Zykoon**

कार्यस्थल/ शिक्षण संसस्थानों में यौन उत्पीडन रोकथाम कें प्रति जागरुकता एवं विधिक प्रावाधानों की जानकारी देते हुए चयनित 20 राजकीय महाविद्यालयों की मॉनिटरिंग करना। यह निःशुल्क प्रस्ताव है।

प्रस्ताव एवं MoU प्रारुप प्राप्त हो गया है।

**5. Paayas Milk**

15 राजकीय महाविद्यालयों– कालाडेरा, कोटपुतली, किशनगढ, रामगढ शेखावाटी, विज्ञान कन्या कोटा, पाली, डूंगर बीकानेर, मांडलगढ, देवली, मालपुरा, लालसोट, विज्ञान दौसा, मीरा उदयपुर, राजसमंद, भरतपुर में से प्रत्येक महाविद्यालय से 25 विद्यार्थियों को डेयरी व्यवसाय का सघन प्रशिक्षण प्रदान करते हुए इन्हें नियोक्ता एजेन्सीज के साथ जोडना तथा सफल प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं के उद्योग में भी रोजगार देना। यह निःशुल्क प्रस्ताव है।

## Educational Excellence Programmes

**1. Big Data (Young Rajasthan Event by Rajasthan Govt.)**

5&6 अगस्त 2017 को राज्य सरकार द्वारा ळमउे म्कनबंजपवद के साथ मिलकर जयपुर में आयोजित किये गये Young Rajasthan कार्यक्रम में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा अखिल भारतीय

Big Data प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 1900 आवेदनों में से 537 प्रविष्ठियों को प्रस्ताव देने हेतु आमंत्रित किया गया। अन्तिमतः 15 दलों को प्रजेन्टेशन के लिये चयनित कर आमंत्रित किया गया। 03 सफल प्रतियोगी दलों को म्समजे ज्मबीदव डमकपं च्अजण स्जकण की ओर से क्रमशः 1.0 लाख, 75 हजार एवं 50 हजार रुपये की राशि पुरुस्कार स्वरुप प्रदान की गई।

**2. $10^{th}$ World Education Summit (New Delhi 11-12 August 2017)**

Elets Techno Media Pvt. Ltd. द्वारा दिनांक 11–12 अगस्त 2017 को नई दिल्ली में $10^{th}$ World Education Summit का आयोजन किया गया जिसमें उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सहयोगी आयोजक रहा। इस आयोजन के माध्यम से विभाग को कई प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनके साथ डवन् किये गये हैं।

**3. Higher Education & HR Conclave ( Jaipur: Dec. 21-22, 2017)**

Elets Techno Media Pvt. Ltd. द्वारा ही दिनांक 21–22 दिसम्बर 2017 को जयपुर में Higher Education & HR Conclave का आयोजन किया गया जिसमें उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सहयोगी आयोजक रहा। इस आयोजन के माध्यम से विभाग को कई प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनके साथ डवन् किये गये हैं।

**4. Higher Education Seminar**

Business World New Delhi द्वारा दिनांक 20–21 जुलाई 2018 को जयपुर में Higher Education and Industry Connect कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सहयोगी आयोजक रहा। इस आयोजन में कालेज शिक्षा विभाग के साथ 08 तथा सेन्अर फॉर इलैक्ट्रानिक गवर्नेन्स के साथ 05 डवन् हस्ताक्षरित किये गये। इस कार्यक्रम में विभाग को कई नये प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

**5. Higher Education Institutional Leadership Programme**

जयपुरिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट, जयपुर द्वारा दिनांक 13–14 जून 2018 को 21 राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिये 2 दिवसीय Institutional Leadership Programme का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से महाविद्यालयों में सांस्थानिक सुधार एवं गुणात्मक अभिवृद्धि पर फोकस किया गया।

**6. Regional Seminar on Excellence in Higher Education**

आयुक्तालय कालेज शिक्षा एवं बोध शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29–30 जून 2018 को दो दिवसीय उच्च स्तारीय मंथन कार्यशाला एवं सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें आुयक्तालय के अधिकारियों, 5 महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं 14 संकाय सदस्यों सहित अनेकों सहभागियों ने राज्य में उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधारों एवं विद्यार्थी हित केन्द्रित उपायों पर गहन मंथन किया। इस मंथन कार्यशाला उके आधार पर राज्य में उच्च शिक्षा के लिये Vision Document तैयार किया जा रहा है जिसकी प्रतियां सभी सम्माननीय विधायकों को भी प्रेषित की जायेंगी।

## 7. My College My Pride Programme

आयुक्तालय कालेज शिक्षा ने पहली बार राजकीय महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों में गुणात्मक अभिवृद्धि हेतु विभाग के स्तर पर बोध शिक्षा समिति के माध्यम से कार्यशाला–प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना प्रारम्भ किया है। जिसमें 30 संकाय सदस्यों के बैच के रुप में यह प्रशिझा कार्यक्रम किये जायेंगे। प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 13–14 अगस्त 2018 को आयोजित किया जा युका है। विभाग इनक ाग्रक्रमों का मूल्यांकन एवं फीडबैक भी तैयार करवा रहा है।

राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/MoU/Spl./2021/47;

दिनांक : 09 June 2021

प्राचार्य एवं संकाय सदस्यगण,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

## जनस्वास्थ जागरुकता कार्यक्रम

**विषय : ऊषा संस्थान द्वारा आयोजित 5 दिवसीय स्वास्थ्य चेतना प्रशिक्षण कार्यकम के संबंध में।**
**सन्दर्भ : ऊषा संस्थान जयपुर का पत्र दिनांक 01 जून 2021 के सन्दर्भ में।**

लेख है कि महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्द्धन एवं विद्यार्थी हित केन्द्रित शैक्षणिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्सय संबंधी गतिविधियों में सहयोग के लिये विभिन्न संसथानों के साथ MoU हस्ताक्षरित किये हैं, जिनमें IIIT Kota, RSLDC, RISU, Morarka Foundation, MANSA, USHA, मानव निर्माण आदि संस्थान भी सम्मिलित हैं।

हाल ही में कोरोना की दूसरी लहर ने जिस तरह सामजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ पक्षों को जिस प्रकार प्रतिकूल प्रभावित किया है, उसकी पीडा से सब परिचित हैं। इसी संबंध में विद्यार्थियों सहित महाविद्यालय शिक्षा सेवा परिवार के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति चिनता और सभी को जागरुक बनाने के उद्देश्य से ऊषा संस्थान एंव मानव निर्माण संस्थान जयपुर द्वारा एक संयुक्त प्रस्ताव विभाग को प्रेषित किया है, जिसमें लेख है कि समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये जनस्वास्थ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करवाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 05 दिवसीय (प्रतिदिन 02 घण्टे) पूर्णतः निःशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 21 जून 2021 (विश्व योगा दिवस) से आरम्भ करवाया जायेगा। संस्थाओं ने इस कार्यक्रम में समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित महाविद्यालयी शिक्षक साथियों की इस कार्यक्रम में स्वयं सहभागियों एवं सहभागियों के माध्यम से आसपास के वातावरण तक स्वास्थ जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से अधिकाधिक सहभागिता अपेक्षित की है। इसमें सामान्य स्वास्थ्य जानकारी के साथ साथ आयुष चिकित्सा, विशेषतः होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति केन्द्रित सत्र आयोजित किये जायेंगे।

अतः उक्त सेवा उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों/संस्था प्रधानों, शिक्षक साथियों को सूचित किया जाता है कि आप सभी स्वैच्छिक आधार पर अधिकाधिक संख्या में इस जनस्वास्थ जागरुकता कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयी संस्थाएं अपने अपने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये सूचित/प्रोत्साहित करें।

इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिये सभी इच्छुक सहभागी निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध Google Form के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करें। सभी इच्छुक सहभागियों के लिये रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क है।

**https://bit.ly/3x14lae**

इस कार्यक्रम के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी, मार्गदर्शन अथवा रजिस्ट्रेशन संबंधी समस्या के लिये इन आयोजक संस्थानों के निम्नलिखित प्रतिनिधियों से सम्पर्क किया जा सकता है –

| | | |
|---|---|---|
| 1. डा. प्रमोद पॉल | मानव कल्याण संस्था | 9828014018 |
| 2. श्री प्रदीप कुमार बोरड | ऊषा संस्था | 9414016107 |

बी. एल. गोयल, RAS
अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान

पत्रांक: CCE/ISDC/MoU/Spl./2021/47; दिनांक : 09 June 2021
प्रतिलिपी सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
3. समस्त अध्यक्ष एवं प्राचार्य, DRAC, कॉलजे शिक्षा राजस्थान को योजना के अधिकाधिक प्रचार प्रसार हेतु।
4. प्रभारी अधिकारी/सह प्रभारी, नवाचार एंव कौशल विकास कार्यक्रम, आकाशि को समन्वय हेतु।
5. अध्यक्ष/सचिव, ऊषा/मानव कल्याण संस्था, जयपुर को आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
6. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
7. समस्त प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
8. प्रभारी आई.टी. आकाशि को अपलोड/ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान

आयुक्तालय,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर

कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान

राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Skill/MOOC/2021/401; दिनांक : 12 April 2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : राजकीय एवं निजी महाविद्यालययों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में उच्चशिक्षानुरुप रोजगारोन्मुख क्षमता विकास एवं दक्षता हेतु Indian Institute of Information Technology (IIIT), Kota के माध्यम से कौशल विकास के ऑनलाइन कोर्स हेतु रजिस्ट्रेशन आरम्भ करवाने बाबत।

सन्दर्भ : आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान एवं IIIT, Kota द्वारा हस्ताक्षरित MoU की कियान्विति के संबंध में।

लेख है कि विद्यार्थियों में रोजगारपरक क्षमता विकास हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों के अन्तर्गत 10 संस्थाओं के साथ MoU भी हस्ताक्षरित किये गये हैं, जिनमें से एक MoU विद्यार्थियों में उच्चशिक्षानुरुप रोजगारोन्मुख क्षमता विकास एवं दक्षता हेतु IIIT, Kota के साथ किया गया है।

इसी कम में IIIT, Kota की टीम द्वारा e-Learning and Data Analytics Lab परियोजना के माध्यम से IIIT, Kota के e-LDA MOOC Portal पर राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में पढने वाले विद्यार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों के लिये मई–सितम्बर 2021 बैच के लिये निम्नलिखित कोर्स Massive Open online Course (MOOC) के रुप में निःशुल्क उपलब्ध करवाये जाने हेतु तैयार हैं –

1. English for Personal and Professional Development: (6 सप्ताह अवधि का)
2. Introduction to Photography : (4 सप्ताह अवधि का)
3. Wildlife Naturalist : (8 सप्ताह अवधि का)
4. Basics of Entrepreneurship : (5 सप्ताह अवधि का)

इनके अतिरिक्त निम्नलिखित 02 कोर्सेज भी लाभार्थियों के लिये शीघ्र ही उपलब्ध होंगे –

1. Basics of Machine Learning
2. Crafts of Rajasthan

**मई–सितम्बर 2021 बैच** में इन कोर्सेज में प्रवेश के लिये रजिस्ट्रेशन हेतु निम्नलिखित लिंक का उपयोग किया जाना हैं, यही लिंक आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के वैबपोर्टल पर डाउनलोड के अन्तर्गत भी उपलब्ध है –

**http://www.eldalab.in/register**

इस संबंध में सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि –

1. इन रोजगारोन्मुख कौशल विकास आधारित निःशुल्क पाठ्यक्रमों के बारे में समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशन, विद्यार्थियों के WhatsApp groups में सूचना/मैसेज प्रेषित कर, महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर सूचना लगावकर अधिकाधिक प्रचार–प्रसार करें ताकि इस योजना से अधिकाधिक युवा लाभान्वित हो सकें।
2. इस योजनान्तर्गत उपलब्ध करवाये जा रहे ये ऑनलाइन MOOC कोर्सेज सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में पढने वाले विद्यार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों के लिये निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। अतः इसके लिये किसी भी प्रकार का वित्तीय भार लाभार्थी/महाविद्यालय/संस्था/विभाग अथवा सरकार पर नहीं होगा।
3. इन पाठ्यक्रमों में लाभार्थी (विद्यार्थी एंव शिक्षक) अपना रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त अपनी पसंद के पाठ्यक्रमों का चयन करेंगे। पाठ्यक्रम चयन के लिये किसी भी प्रकार का पुनः रजिस्ट्रेशन नहीं करना है, वरन केवल पाठ्यक्रमों पर क्लिक करके उन्हें चयनित करना है। एक लाभार्थी एक साथ कितने भी पाठ्यक्रमों का चयन कर सकता है। इस योजना में पाठ्यक्रम चयन की संख्या संबंधी कोई पाबंदी नहीं है।
4. रजिस्ट्रेशन उपरान्त अप्रैल 2021 माह के अनितम सप्ताह से ये कोर्स ऑनलाइन उपलब्ध हो जायेंगे।
5. प्रत्येक पाठ्यक्रम की अवधि उसके साथ दर्शायी गई है, अतः लाभार्थी अपनी स्वेच्छानुसार एक साथ अथवा एक के बाद दूसरा कोर्स चयनित कर सकता है।
6. इन कोर्सेज में आवेदन की अन्तिम तिथि नहीं है, तथापि इनमें सीट्स सीमित हैं अतः **मई–सितम्बर 2021 बैच में प्रवेश के लिये** पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश उपलब्ध रहेगा।


इन कोर्सेज के बारे में अधिक जानकारी के लिये **IIIT Kota** के **e-LDA MOOC Portal** यानि **http://www.eldalab.in/** पर जाकर जानकारी प्राप्त करें।

12/04/2021
संदेश नायक, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांक: CCE/ISDC/ Skill-Entrepreneurship /2020-21/394;     दिनांक : 05 April 2021
सूचनार्थ प्रतिलिपि:

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्चशिक्षा विभाग, राजस्थान।
2. निजी सचिव,शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. संयुक्त शासन सचिव– I, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान।
5. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
6. कुल सचिव, समस्त राजकीय एवं निजी विश्विविद्यालय, राजस्थान।
7. निदेशक, पोलीटेक्निक कॉलेज संस्थाएं, राजस्थान, जोधपुर को संबंधित राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों की सूचनार्थ प्रेषित करवाने बाबत।
8. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
9. समस्त प्रभारी अधिकारीगण, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
10. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
11. रक्षित पत्रावली।

12/4/2021
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ




आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर
कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान

आयुक्तालय,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर

कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान

## इन कोर्सेज के संबंध में सभी लाभार्थी जान लें कि –

1. अभी जो रजिस्ट्रेशन किये जा रहे हैं वे मई–सितम्बर 2021 बैच के लिये ही हैं। आगामी बैच आरम्भ होन पर पुनः सूचना जारी की जायेगी।

2. इन कोर्सेज में राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी शिक्षा महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों के लिये निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। अतः इसके लिये किसी भी प्रकार का वित्तीय भार लाभार्थी/महाविद्यालय/संस्था/विभाग अथवा सरकार पर नहीं है।

3. परन्तु इन कोर्सेज को करने के लिये वांछित आवश्यक संसाधन/सुविधाएं यथा ऐन्डरॉइड मोबाइल/लैपटॉप/कम्प्यूटर, इन्टरनेट आदि की व्यवस्था स्वंय लाभार्थी को ही करनी होगी।

4. लाभार्थियों को प्रत्येक कोर्स में उसके दिये गये सभी lessons/ videos देखने होंगे, ताकि पाठ्य सामग्री की तारतम्यता को समझा जा सके, और तत्संबंधित कौशल का ज्ञान प्रभावी रुप मे अर्जित किया जा सके।

5. प्रत्येक lesson/ video के बाद दिये गये objective type प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इस प्रकिया द्वारा लाभार्थियों का साथ–साथ मूल्यांकन होता रहेगा। और पूरा कोर्स समाप्त होने पर उसका रिजल्ट सामने आ जायेगा। प्रत्येक कोर्स में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक लाने पर ही लाभार्थी को सफल माना जायेगा और उस कोर्स का प्रमाणपत्र जारी होगा।

6. प्रत्येक प्रश्न को हल करने के लिये कुल 03 अवसर मिलेंगे। अर्थात प्रश्नों के गलत उत्तर होने की स्थिति में लाभार्थी द्वारा उन्हें सुधार के लिये 02 अवसर और रहेंगे। 03 अवसर पूर्ण होने पर लाभार्थी का उत्तर स्वतः लॉक हो जायेगा।

7. इन कोर्सेज के लिये रजिस्ट्रेशन नीचे दी गई लिंक पर जाकर करना है –

**http://www.eldalab.in/register**

8. रजिस्ट्रेशन उपरान्त अप्रैल 2021 माह के अनितम सप्ताह से ये कोर्स ऑनलाइन उपलब्ध हो जायेंगे।

9. लाभार्थी द्वारा चयनित कौशल प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण होने पर IIIT Kota द्वारा तत्संबंधित प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

10. चूंकि ये कोर्सेज ऑनलाइन करवाये जा रहे हैं अतः इनसे किसी भी प्रकार का अध्ययन–अध्यापन नही होना है। लाभार्थी अपनी स्वच्छानुरुप समय पर इन कोर्सेज के lessons ले सकते हैं, videos देख सकते हैं।

12/4/2021
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph 0141-2706550

क्रमांकः–एफ–8(ई–कन्टेंट)अकाद / आकॉशि / 2020 / 365 दिनांक :– 2/11/2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः– **MyBookLo APP** का विद्यार्थियों में प्रचार–प्रसार करने के सम्बन्ध में ।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा MyBookLo के साथ एमओयू के अन्तर्गत MyBookLo App पर विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न विषयों के ई–व्याख्यान एवं पीडीएफ नोट्स, इस App के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे हैं । इस App को Google Play Store से Download किया जा सकता है। यह App छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में सहायक सिद्ध होगा। इस App में विभिन्न किताबें, lecture series, test series, current affairs आदि विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। यह App पूर्णतः निःशुल्क है।

सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि इस App के सम्बन्ध में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। विद्यार्थियों तक इस App की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु आप एक **नोडल अधिकारी** भी नियुक्त करें ।

यह एक सतत् प्रकिया है । ई–व्याख्यान एवं पी.डी.एफ.नोट्स की अद्यतन सामग्री समय–समय पर अपलोड की जाती रहेगी। प्राचार्य विभिन्न माध्यमों से इस ऐप का प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, जयपुर

क्रमांकः–एफ–8 (ई–कन्टेंट) अकाद / आकॉशि / 2020 / 365 दिनांक :– 2/11/2021

प्रतिलिपि –निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर ।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर ।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु ।

(डॉ0 सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, जयपुर।